# राजस्थान की प्रमुख नदियाँ

## FREE NOTES DOWNLOAD

## नदियों से संबंधित महत्वपूर्ण नोट्स

## WWW.RAJASTHANCLASSES.IN



## भारत सामान्य ज्ञान

महत्वपूर्ण प्रश्नों की सभी पीडीएफ

फ्री डाउनलोड करें

क्लिक करके डाउनलोड करें एवं पढ़ें

## सामान्य विज्ञान

महत्वपूर्ण प्रश्नों की सभी पीडीएफ

फ्री डाउनलोड करें

क्लिक करके डाउनलोड करें एवं पढ़ें

राजस्थान सामान्य ज्ञान
वन लाइनर प्रश्न-उत्तर
500+ क्लिक करें एवं पढ़ें

राजस्थान सामान्य ज्ञान
लाइव क्लास की सभी पीडीएफ
फ्री डाउनलोड करें
क्लिक करके डाउनलोड करें एवं पढ़ें

# राजस्थान की प्रमुख नदियाँ (rajasthan ki nadiya )

## चंबल नदी

◆ चंबल नदी को राजस्थान की कामधेनु व चर्मण्वती के नाम से जानते हैं ।

◆ चंबल नदी का उदगम मध्य प्रदेश में महू के निकट जानापाव की पहाड़ियों से होता है जो कि विंध्य पर्वत श्रेणी का भाग है ।

◆ यह नदी चौरासीगढ़ (चित्तौड़गढ़) के निकट राजस्थान में प्रवेश करती है ।

Download More Pdf-
www.rajasthanclasses.in

◆ यह नदी चित्तौड़गढ़ .कोटा. बूंदी. सवाई माधोपुर .करौली. धौलपुर में बहती हुई उत्तर प्रदेश में इटावा जिले के मुरादगंज के निकट यमुना में मिल जाती है ।

◆ चंबल नदी की कुल लंबाई 1051 किलोमीटर है ।

◆ राज्य को सर्वाधिक सतही जल चंबल नदी से ही प्राप्त होता है तथा बीहड़ भी सर्वाधिक इसी नदी क्षेत्र में है ।

◆ चित्तौड़गढ़ जिले में भैंसरोडगढ़ के निकट **चुलिया प्रपात** का निर्माण करती है ।

◆ राजस्थान में इसकी सहायक नदियाँ- कालीसिंध ,बनास, बामनी, मेंजा, पार्वती ,कुराल,परवन

◆ कोटा जिले में पाली नामक स्थान पर पार्वती तथा नोनेरा नामक स्थान पर कालीसिंध तथा रामेश्वर नामक स्थान पर बनास नदी मिलती है ।

Download More Pdf-
www.rajasthanclasses.in

◆ चंबल नदी पर चार बाँध बनाए गए हैं –

(1) गांधी सागर बँध (भानपुरा ,मध्य प्रदेश )

(2) राणा प्रताप सागर बाँध (रावतभाटा, चित्तौड़गढ़ )

(3) जवाहर सागर बाँध (बोराबास, कोटा )

(4) कोटा बैराज बाँध (कोटा )

# बनास नदी

- इस नदी को वन की आशा भी कहा जाता है ।

- बनास नदी का उद्गम स्थान राजसमंद में कुंभलगढ़ के निकट **खमनौर की पहाड़ियां** है ।

- बनास नदी की लंबाई लगभग 512 किलोमीटर है तथा यह पूर्णत: राज्य में बहने वाली सबसे लंबी नदी है ।

Download More Pdf-
www.rajasthanclasses.in

- यह राजस्थान में राजसमंद, चित्तौड़गढ़ ,टोंक ,भीलवाड़ा व सवाई माधोपुर जिलों में बहने के पश्चात रामेश्वर नामक स्थान पर चंबल नदी में मिल जाती है ।

- बनास नदी पर टोंक जिले में **बीसलपुर बाँध** बनाया गया है ।

- **सहायक नदियाँ**:- (1) दायीं तरफ से - बेड़च व मेनाल (2) बायीं तरफ से - कोठारी ,खारी, माशी, डाई, ढील, सोहादरा ,मोरेल व कालीसिल

# बेड़च नदी

◆ बेड़च नदी का प्राचीन नाम आयड़ नदी है । इस नदी का उद्गम उदयपुर के उत्तर में गोगुंदा की पहाड़ियों से होता है ।

◆ उदयपुर के निकट यह नदी आयड़ के नाम से जानी जाती है किंतु उदय सागर से निकलने के पश्चात इसका नाम बेड़च हो जाता है ।

◆ यह नदी उदयपुर, चित्तौड़गढ़ में बहती हुई भीलवाड़ा में मांडलगढ़ तहसील में बींगोद के निकट बनास नदी में मिल जाती है ।

Download More Pdf-
www.rajasthanclasses.in

◆ इसी नदी के किनारे प्राचीन सभ्यता 'आहड़ सभ्यता' मिली है ।

◆ **सहायक नदियाँ**:– गंभीरी, गुजरी,ओराई,वागन

# कालीसिंध नदी

- देवास (मध्य प्रदेश) के पास बांगली गांव की पहाड़ियों से निकलकर यह नदी झालावाड़ में रायपुर के निकट बिन्दा गांव में राजस्थान में प्रवेश करती है ।

- यह नदी झालावाड़ ,बाराँ तथा कोटा के नानेरा ग्राम के समीप चंबल में मिल जाती है ।

- सहायक नदियाँ:- आहू ,परवन,निवाज, उजाड़

Download More Pdf-
www.rajasthanclasses.in

राजस्थान GK

LIVE CLASS PDF

DAILY UPDATE

सम्पूर्ण नोट्स PDF

विषयवार ई-बुक

सभी PDF यहां से डाउनलोड करें

# बाणगंगा नदी

◆ इस नदी को अर्जुन गंगा भी कहा जाता है । इसकी कुल लंबाई 240 किलोमीटर है ।

◆ इस नदी का उद्गम जयपुर जिले की बैराठ की पहाड़ियों से होता है ।

◆ जयपुर में पेयजल के लिए इस पर जमवा रामगढ़ बाँध बना हुआ है ।

Download More Pdf-
www.rajasthanclasses.in

◆ यह जयपुर ,दौसा व भरतपुर में बहकर आगरा में यमुना में मिल जाती है ।

◆ उसकी सहायक नदी गंभीरी नदी है ।

## खारी नदी

Download More Pdf-
www.rajasthanclasses.in

- यह राजसमंद में देवगढ़ तहसील के विजराल ग्राम की पहाड़ियों से निकलती है तथा राजसमंद .भीलवाड़ा. अजमेर व टोंक में बहकर देवली के निकट बनास में मिल जाती है ।

- मानसीं इसकी सहायक नदी है ।

## पार्वती नदी

Download More Pdf-
www.rajasthanclasses.in

- पार्वती नदी मध्य प्रदेश में विंध्य पर्वत श्रेणी में सेहोर क्षेत्र से निकलकर राजस्थान में यह बाराँ के छतरपुरा गाँव में प्रवेश करती है ।

- यह नदी बाराँ व कोटा में बहती हुई सवाई माधोपुर व कोटा सीमा पर पाली गांव के निकट चंबल में मिल जाती है ।

## गंभीर नदी

◆ यह करौली जिले के सपोटरा तहसील की पहाड़ियों से निकलती है ।

◆ यह करौली, सवाई माधोपुर, व भरतपुर में बहकर उत्तर प्रदेश में प्रवेश करती है तथा पुन: यह नदी धौलपुर में बहकर उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले में यमुना में मिल जाती है ।

◆ सहायक नदियाँ – पाँचना,सेसा,खेर,पार्वती

Download More Pdf-
www.rajasthanclasses.in

## कोठारी नदी

◆ राजसमंद जिले के दिवेर नामक स्थान से निकलती है तथा भीलवाड़ा जिले में बनास में मिल जाती है ।

◆ इस नदी पर मेजा बाँध बनाया गया है जो भीलवाड़ा जिले को पेयजल उपलब्ध करवाता है ।

# लूनी नदी

- अरावली श्रेणी के नाग पहाड़ (अजमेर) से निकलकर कच्छ के रण में गिरती है ।

Download More Pdf-
www.rajasthanclasses.in

- लूनी नदी का प्राचीन नाम लवणवती है ।

- यह अजमेर से निकलकर दक्षिणी पश्चिमी राजस्थान नागौर, पाली, जोधपुर ,बाड़मेर, जालौर में बहकर कच्छ के रण में जाकर विलुप्त होती है । इस के उद्गम स्थल पर इसको सागरमती, फिर सरस्वती और बाद में लूनी कहते हैं ।

- लूनी नदी का जल बालोतरा तक मीठा है लेकिन इसके बाद जल खारा हो जाता है ।

- जोधपुर के जसवंत सागर बाँध में पानी की आपूर्ति लूनी नदी से होती है ।

Download More Pdf-
www.rajasthanclasses.in

- सहायक नदियाँ – लीलड़ी, सुकड़ी, बांडी, मीठड़ी , जवाई आदि तथा दाई ओर से मिलने वाली एकमात्र सहायक नदी जोजड़ी है ।

# माही नदी

◆ माही नदी मध्य प्रदेश के अममोरू जिले में विन्ध्याचल की पहाड़ी से निकलती है ।

◆ इसे आदिवासियों की गंगा. वागड़ की गंगा .कांठल की गंगा तथा दक्षिण राजस्थान की स्वर्ण रेखा कहते हैं ।

◆ यह नदी बांसवाड़ा जिले के खांटू ग्राम से राजस्थान में प्रवेश करती है ।

Download More Pdf-
www.rajasthanclasses.in

◆ राजस्थान की दूसरी बारहमासी नदी है । इसकी कुल लंबाई 576 किलोमीटर है ।

◆ यह नदी कर्क रेखा को दो बार काटती है ।

◆ बाँसवाड़ा के बोरखेड़ा ग्राम के पास इस पर माही बजाज सागर बाँध बनाया गया है ।

◆ सहायक नदियाँ- सोम. जाखम .अनास आदि ।

# साबरमती नदी

- उदयपुर के दक्षिणी पश्चिमी से निकलकर उदयपुर एवं सिरोही जिलों में प्रवाहित होकर गुजरात में प्रवेश कर खंभात की खाड़ी में गिरती है ।

Download More Pdf-
www.rajasthanclasses.in

- यह गुजरात की मुख्य नदी है ।

- राजस्थान में इस नदी का अपवाह क्षेत्र न्यूनतम है ।

- गुजरात का अहमदाबाद शहर इसी नदी के किनारे स्थित है तथा महात्मा गांधी का साबरमती आश्रम भी इसी नदी पर है ।

- सहायक नदियाँ – बाकल,हथमति,मेश्वा

# घग्गर नदी

◆ इस नदी को मृत नदी भी कहते हैं ।

◆ इस नदी का उद्गम हिमालय की शिवालिक पहाड़ियों से कालका नामक स्थान से होता है ।

◆ राजस्थान में यह हनुमानगढ़ जिले के टिब्बी तहसील के तलवाड़ा गांव के पास प्रवेश कर हनुमानगढ़ में बहती हुई भटनेर के पास विलुप्त हो जाती है ।

◆ घग्गर नदी का प्राचीन नाम सरस्वती/ द्वषद्वती है ।

◆ राजस्थान की प्राचीन सभ्यता कालीबंगा इसी नदी के किनारे विकसित हुई थी ।

Download More Pdf-
www.rajasthanclasses.in

◆ घग्गर नदी के पाट को हनुमानगढ़ में नाली के नाम से जाना जाता है ।

◆ बाढ़ आने पर इसका प्रवाह क्षेत्र पाकिस्तान तक चला जाता है । पाकिस्तान में इसके प्रवाह क्षेत्र को 'हकरा' के नाम से जाना जाता है ।

## राज्य के त्रिवेणी संगम

| संगम- स्थल | नदियों के नाम | जिला |
|---|---|---|
| बेणेश्वर | माही- सोम- जाखम | डूँगरपुर |
| बींगोद(माण्डलगढ) | बनास-बेड़च- मेनाल | भीलवाड़ा |
| रामेश्वर | चंबल-बनास-सीप | सवाई माधोपुर |

Download More Pdf-
www.rajasthanclasses.in

## नदियों के किनारे पर बने दुर्ग

गागरोन का किला--- आहू व कालीसिंध नदी के संगम पर

भैंसरोडगढ़ दुर्ग ----चंबल व बामनी नदियों के संगम पर

शेरगढ़ दुर्ग--- परवन नदी

चित्तौड़गढ़ दुर्ग --गंभीरी और बेड़च नदियों के संगम पर

सुवर्णगिरी दुर्ग --सुकड़ी नदी

Download More Pdf-
www.rajasthanclasses.in

## नदियों के किनारे स्थित अभयारण्य

राष्ट्रीय चंबल घड़ियाल अभ्यारण्य --चंबल

ज्वार सागर अभ्यारण्य-- चंबल

शेरगढ़ अभ्यारण ---परवन नदी

बस्सी अभ्यारण --ओरई व बामनी नदि

भैंसरोडगढ़ ---चंबल व बामनी

फुलवारी की नाल --मानसी, वाकल, सोम

Download More Pdf-
www.rajasthanclasses.in


परीक्षाओं में पूछे गए प्रश्न
राजस्थान GK
PDF DOWNLOAD
महत्वपूर्ण- महत्वपूर्ण प्रश्न


CET 2022
राजस्थान GK
परीक्षा संभावित प्रश्न

सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए
राजस्थान क्लासेज

- विषयवार ई- बुक यहाँ से देखे
- Youtube पर ऑनलाइन क्लासे देखे
- लेटेस्ट पोस्ट (GK क्विज)
- 1000 प्रश्न ई-बुक Download
- राजस्थान GK ई- बुक डाउनलोड
- Computer E- book Download
- Rajasthan Gk Questions
- India Gk Questions
- One Liner Gk Questions




RAJASTHAN CET
सामान्य हिन्दी
Download Now

# सामान्य ज्ञान

## 5100+ प्रश्न

# कम्प्यूटर ज्ञान

## E-Book

~~149/~~ - Free Now

राजस्थान GK
LIVE CLASS PDF
DAILY UPDATE

सम्पूर्ण नोट्स PDF
विषयवार ई-बुक
सभी PDF यहां से डाउनलोड करें